प्रेस विज्ञप्ति

1. गांधी स्मृति में ब्राज़ील के उपराष्ट्रपति जेराल्डो आल्कमिन ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि
2. महात्मा गाँधी के विचार आज भी दुनिया के लोगों को प्रेरित कर रहे हैं-आल्कमिन
3. गांधी स्मृति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने श्री आल्कमिन को महात्मा गांधी की आत्मकथा भेंट की
4. "गांधी आज भी दुनिया को मार्गदर्शन दे रहे हैं"— विजय गोयल

नई दिल्ली, 17 अक्तूबर 2025: ब्राज़ील के उपराष्ट्रपति श्री जेराल्डो आल्कमिन ने आज तीस जनवरी मार्ग पर गांधी स्मृति में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी और उनके अहिंसा और शान्ति की शिक्षाओं को समझने का प्रयास किया। श्री आल्कमिन तीन दिनों की भारत की यात्रा पर हैं। गाँधी स्मृति के उपाध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री विजय गोयल ने उनका स्वागत किया और उन्हें महात्मा गांधी की आत्मकथा एवं एक गांधी चरखा भेंट किया। इस अवसर पर श्री आल्कमिन की पत्नी श्रीमती मारिया लूसिया, भारत में ब्राज़ील के राजदूत केनेथ नोब्रिगा, ब्राज़ील के विदेश मंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री भी उपस्थित थे।

इस मुलाक़ात के दौरान श्री विजय गोयल और उपराष्ट्रपति आल्कमिन ने भारत और ब्राज़ील के बीच गहरे संबंधों और रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की। दोनों देशों के नेता ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, सतत विकास और दक्षिण-दक्षिण सहयोग (South-South Cooperation) पर चर्चा की। इस अवसर पर विजय गोयल ने कहा —"ब्राजील के उपराष्ट्रपति का गांधी स्मृति में स्वागत करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। ब्राज़ील और भारत के बीच विशेष संबंध हैं। गांधीजी के अहिंसा, शांति और आत्मनिर्भरता के मूल्यों के माध्यम से हम इन सम्बन्धों को और गहरा कर सकते हैं तथा सांस्कृतिक और आर्थिक सहयोग के नए आयाम खोल सकते हैं।"

इस अवसर पर विजय गोयल ने ब्राजील के उपराष्ट्रपति को गांधी स्मृति के इतिहास और इसके कार्यों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर अपनी भावनाएँ साझा करते हुए श्री जेराल्डो आल्कमिन ने कहा —"यह मेरे लिए अत्यंत भावनात्मक अनुभव है कि मैं उस स्थान पर खड़ा हूँ जहाँ महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका संदेश आज भी दुनिया के लोगों को प्रेरित कर रहा है।"

उन्होंने यह भी बताया कि उनकी यह यात्रा भारत–ब्राज़ील के द्विपक्षीय व्यापार और निवेश की समीक्षा, नए प्राथमिक क्षेत्रों की पहचान, और बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भी है।

PRESS RELEASE

1. Brazilian Vice President Geraldo Alckmin Visits Gandhi Smriti

2. Vice President Geraldo Alckmin and his wife pays tribute to Mahatma Gandhi at Martyr’s Column

3. Vijay Goel presented Mahatma Gandhi’s Autobiography to Mr. Geraldo Alckmin

4. Gandhian thought continues to guide the world toward dialogue, inclusiveness, and harmony – Vijay Goel

New Delhi, October 17, 2025: Former Union Minister and Vice Chairman Gandhi Smriti and Darshan Samiti, Vijay Goel, today welcomed the Vice President of Brazil, Mr. Geraldo Alckmin in Gandhi Smriti and presented him with the autobiography of Mahatma Gandhi and a Gandhi Charkha. Mr. Geraldo Alckmin was accompanied by his spouse Ms. Maria Lucia Alckmin on this occasion. Led by Vijay Goel, the delegation offered tribute to Mahatma Gandhi at the Martyr’s Column. Mr Alckmin is on a three-day visit to India.

Ambassador Kenneth Nóbrega, Ambassador of Brazil to India, Health Minister Alexandre Padilha, Ambassador Laudemar de Aguiar Neto, Secretary for Trade Promotion, Science, Technology, Innovation and Culture of the Ministry of Foreign Affairs, Ambassador Celso de Tarso Pereira, Chief Diplomatic Advisor to the Vice President, Ambassador Everton Lucero, Director of the Department of India, South and Southeast Asia of the Ministry of Foreign Affairs and Minister Andre Saboia, Head of the India and Southern Asia of the Ministry of Foreign Affairswere also present on this occasion.

During the interaction, Shri Vijay Goel and Vice President Alckmin engaged in a discussion on the deep-rooted friendship and strategic partnership between India and Brazil, two of the largest democracies in the world. The dialogue focused on shared democratic values, sustainable development, and the spirit of South-South cooperation that both nations uphold on international platforms like BRICS, G20, and IBSA.

Speaking on the occasion, Vijay Goel said that “It was a privilege to welcome HE Mr. Geraldo Alckmin and Ms. Maria Lucia to Gandhi Smriti. Brazil and India share a special bond built on mutual respect, shared democratic ideals, and a vision for a peaceful and equitable world.

Goel further highlighted that India and Brazil enjoy a strong and growing relationship, encompassing trade and investment, defense cooperation, cybersecurity, renewable energy, and cultural exchanges.

Sharing his sentiment, Geraldo Alckmin said that it is a deeply moving experience to stand at the place where Mahatma Gandhi lived and laid down his life for truth and non-violence. His message continues to inspire people across continents. Mr. Geraldo Alckmin also informed that his visit is also to explore the opportunity to review bilateral trade and investment, identify new priority sectors, and further strengthen the multifaceted strategic partnership. Brazil.

Vijay Goel also briefed the visiting dignitary on the history of Gandhi Smriti and the initiatives of the organisation to promote Gandhian philosophy through cultural exchanges, and regular children and youth engagement. He said “Gandhiji’s message belongs to the entire world".